



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 78 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 27 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## मेमू ट्रेन को डिब्बे का इंतजार

### सितंबर माह में ही मिल चुकी है मंजूरी, सोशल मीडिया पर शुरू हुआ अभियान

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन से रतलाम - मंदसौर व नीमच होते हुए चित्तौड़गढ़ तक चलने वाली मेमू ट्रेन को रेलवे बोर्ड के कोचिंग निदेशक विवेक कुमार सिन्हा ने सितंबर माह में मंजूर कर दिया। हैरानी की बात ये है कि तब से अब तक ये ट्रेन पटरी पर इसलिए नहीं दौड़ पाई, क्योंकि रतलाम रेल रेलवे इस मंजूर ट्रेन के लिए डिब्बों की व्यवस्था ही नहीं कर पाया। जब ये मामला रेल यात्रियों के सामने आया, तब यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अभियान की शुरूआत कर दी।

जवाब में मंडल के वरिष्ठपरिचालन प्रबंधक पीके तिवारी ने ट्वीट किए कि इस प्रकार की कोई मंजूरी नहीं हुई है। हालांकि यात्रियों ने मंजूरी के आदेश के पत्र को जवाब में डाला तो रेल अधिकारी को अपने ट्वीट को निरस्त करना पड़ा। लंबे समय से रेल यात्री उज्जैन से फतेहाबाद - रतलाम - मंदसौर - नीमच - चित्तौडगढ़ के लिए तेज गति से चलने वाली ट्रेन की मांग कर रहे थे। इसके लिए मेमू ट्रेन की मांग हो रही थी। वर्ष 2016 के सिंहस्थ के समय से की जा रही मांग के बाद रेलवे बोर्ड ने इसकी मंजूरी दी। मंजूरी के बाद इसकी सूचना भी जारी कर दी। हालांकि इस सूचना के बाद भी यात्रियों के लिए ट्रेन चलाने में रेल मंडल कमजोर साबित हुआ है।

ट्रेन की मंजूरी कोचिंग विभाग के निदेशक विवेक कुमार सिन्हा ने 13 सितंबर को दी। लेकिन इसी बीच आचार संहिता लग गई। हालांकि, इस मंजूरी व आचार संहिता के बीच चार अन्य ट्रेन की शुरूआत की गई। पर, इस ट्रेन को चलाने में रतलाम रेल मंडल पूरी तरह से कमजोर साबित हुआ। इसके बाद ही रेल यात्रियों ने दो दिन से सोशल मीडिया पर इस रेलवे बोर्ड की मंजूर ट्रेन को शुरू करने के लिए अभियान चलाया हुआ है।

### ऐसे चलना है मेमू ट्रेन...

ट्रेन नंबर 09231 उज्जैन से चित्तौड़गढ़ के लिए सुबह 9.50 बजे चलेगी। रतलाम ये ट्रेन दोपहर 12.10 बजे आकर 10 मिनट बाद दोपहर करीब 2.15 बजे मंदसौर व 3.15 बजे नीमच से चलकर शाम 4.30 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन नंबर 09232 चित्तौड़गढ़ से शाम 4.40 बजे चलकर नीमच 5.30 बजे, 6.30 बजे मंदसौर व रात 8.30 बजे रतलाम होते हुए 10.30 बजे उज्जैन पहुंचेगी। ट्रेन का ठहराव दोनों दिशा में फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज, रतलाम, जावरा, मंदसौर, नीमच व निंबाहेड़ा में होगा।

### इनका कहना...

मेमू को चलाने के लिए डिब्बों का इंतजार हो रहा है। जल्दी ही मंडल को उज्जैन - चित्तौड़गढ़ ट्रेन को चलाने के लिए डिब्बे मिल जाएंगे, इसके बाद इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

**खेमराज मीणा**
**मंडल रेल जनसंपर्क अधिकारी, रतलाम**

## गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में भी लेटलाली...

# अनमोल की नजर में केवल 72.53 प्रतिशत गर्भवती

## पुराने और खराब टेबलेट बन रहे काम में रोड़ा, रतलाम-नीमच की स्थिति ज्यादा खराब



**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश की 5.63 लाख गर्भवती सरकारी पोर्टल की नजर से ही दूर है। हम बात कर रहे हैं अनमोल पोर्टल की। इसमें मंदसौर की स्थिति बेहतर है। जबकि, रतलाम और नीमच इससे पीछे हैं। इसे लेकर राज्य स्तर से भी नाराजगी सामने आई है। क्योंकि, समीक्षा में कम पंजीयन होने का कारण एएनएम के पास पुराने और खराब टेबलेट होना बताया गया है। इधर, सीएचओ नई गर्भवती का पंजीयन नहीं करते, ऐसे में अब सीएचओ को भी पंजीयन करना होंगे। ताकि गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग हो सकें।

### यह है अनमोल पोर्टल...

दरअसल, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान के साथ ही महिलाओं को सुविधा देने के लिए अनमोल पोर्टल पर गर्भवती की एंट्री होती है। लेकिन, 2023-24 में नवंबर तक अनुपातिक लक्ष्य को देखा जाए तो 15.63 लाख गर्भवती का पंजीयन होना था। इसके एवज में महज 10 लाख गर्भवती का ही रजिस्ट्रेशन हो सका। राज्य स्तर से समीक्षा के दौरान जिला स्तर से कम पंजीयन के कारणों को तलाशा गया तो सामने आया कि एएनएम के टेबलेट पुराने और खराब हो जाने के कारण फील्ड स्तर पर पंजीयन ही नहीं हो पा रहा है। जबकि, अनमोल पोर्टल पर शत-प्रतिशत महिलाओं का पंजीयन होना है।

### अब सीएचओ संभालेंगे कमान...

अब इस हालात से उबरने के लिए राज्य स्तर से सीएचओ को भी कमान संभालने को कहा गया है। दरसअल, सीएचओ की पदस्थापना उप स्वास्थ्य केंद्रों पर भी है। उन्हें लैपटॉप, टेबलेट भी दिए गए है। सीएचओ दूसरी और तीसरी जांच की एंट्री कर रहे है। लेकिन, नवीन गर्भवती महिला पंजीयन का काम नहीं किया जाता है। ऐसे में अब कहा गया है कि टेबलेट या किसी कारण से गर्भवती महिला का पंजीयन नहीं हो पाता है तो वहां एएनएम के सहयोग से सीएचओ की यूजर आईडी से काम होगा। ताकि महिलाओं की एंट्री हो सके, हाई रिस्क का चिन्हांकन भी हो।

**[ प्रदेश में 5.63 लाख गर्भवती नजर से दूर ]**

### संभाग में बेहतर स्थिति मंदसौर की...

इधर सिर्फ उज्जैन संभाग की बात जाए तो उज्जैन सबसे अच्छी स्थिति में है। जहां 76.76 प्रश गर्भवती का डाटा पोर्टल पर अपलोड हो सका है। यह टॉप-5 जिलों में भी शामिल है। मंदसौर में 72.53 प्रश , देवास में 74.47 प्रश महिलाओं का रजिस्ट्रेशन है। रतलाम के साथ ही आगर-मालवा, नीमच की स्थिति भी ठीक नहीं है। आगर मालवा में 56.69 प्रश तो नीमच में 58.46 प्रश महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो सका है।


### झाबुआ सबसे आगे...

इधर, विभाग ने एक लिस्ट भी जारी की है, जिसमें 28 नवंबर तक झाबुआ जिले की सबसे अच्छी स्थिति है। झाबुआ में 98.08प्रश गर्भवती का पंजीयन हो सका है। इसके अलावा रतलाम, नीमच सहित 16 जिले ऐसे भी है, जहां 60 प्रतिशत से भी कम पंजीयन है। उमरिया में 47.67 प्रतिशत ही एंट्री हो सकी है।

## पहली बार लगा 33 दिन का मेला समापन कार्यक्रम को तरसे व्यापारी

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा प्रति वर्ष आयोजित श्री पशुपतिनाथ महादेव का पाटोत्सव मेला 25 दिसंबर को समाप्त हो गया। लेकिन, मेले में आए व्यापारियों सहित आमजन को इस बात का आश्चर्य हो रहा है की नगरपालिका द्वारा आयोजित इस 61वे मेले का औपचारिक समापन भी नहीं किया गया। जबकि, इतने सालो में पहली बार 33 दिन का मेला लगा था। मेले में देश के हर कोने से व्यापारी अपना व्यवसाय करने आते है। उन्हें इस साल मेले में कई असुविधाओं का सामना करना पड़ा। यही कारण रहा की कई व्यापारी मेले के बीच में ही अपना आशियाना उठाकर चले गए। अब जब समापन हुआ तो जो व्यापारी इस उम्मीद में रुके थे की हमारा व्यापार अच्छा चलेगा और समापन पर नगरपालिका द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा, वे भी निराश रहे।

**मेला झमेला**



### मनमानी रसीद काटने से भी आहत दिखे व्यापारी...

मेले में हर साल दुकानों के प्लाट लेकर नगर पालिका से जुड़े जिम्मेदारों द्वारा भारी कीमत में बाहर से आए दुकानदारों को बेचने का गोरखधंधा तो चलता ही है। इस बार अनुभवहीन अधिकारियों ने मेले का नक्शा ही पलट दिया। जिससे कई दिनों तक तो दुकानें ही नहीं लग पाई। बाद में दुकानदारों से मनमाने रुपए की रसीद काटने के मामले भी सामने आए। बताया गया है की कई व्यापारी तो बगैर रसीद कटाए ही निकल लिए है और जाते जाते कह गए की ऐसे मेले में व्यापार करने से तो अच्छा है की भीख मांग कर गुजारा कर लेंगे..!

## मामला हाई स्क्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का...

# आदेश 15 जनवरी तक लगाने का, वेटिंग 2 माह की

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2019 के पूर्व के वाहनो में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की आखिरी तारीख नजदीक आते ही वेटिंग बढ़ती जा रही है।




वाहनों में नंबर प्लेट के लिए 2 माह तक की वेटिंग चल रही है। यदि आज नंबर प्लेट के लिए ऑनलाइन बुकिंग करवाएं तो 28 फरवरी को नंबर प्लेट लगेगी। जबकि, आदेश के मुताबिक 15 जनवरी तक वाहनों में नंबर प्लेट लगवानी है।

बता दे कि शहर में सबसे ज्यादा वेटिंग हीरो कंपनी में चल रही है। इस कंपनी के शोरूम पर जब वाहन चालक नंबर प्लेट लगवाने जा रहे हैं तो कर्मचारी उन्हें 25 फरवरी तक की वेटिंग बता रहे हैं। इसके साथ ही होंडा, बजाज, सुजुकी वाहनों में भी एक से डेढ़ माह की वेटिंग चल रही है। इससे वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ रहा है।

वाहनों में नंबर प्लेट लगाने की पहले आखिरी तारीख 15 दिसंबर 2023 थी। वाहनों की संख्या ज्यादा होने से इसकी तारीख आगे बढ़ाकर 15 जनवरी 2024 कर दी गई है। अभी भी बड़ी संख्या में वाहनों पर नंबर प्लेट लगना बाकी है। अब 19 दिन बचे हैं। ऐसे में सभी वाहनों में नंबर प्लेट लगना मुश्किल है। यदि तारीख नहीं बढ़ाई गई तो दिक्कत आएगी।

### जनवरी तक लगवाना है प्लेट...

परिवहन अधिकारी और पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऐसे वाहन जिन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है। उन्हें 15 जनवरी तक नंबर प्लेट लगवाना है। नहीं लगवाने पर चालानी कार्रवाई करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट का है आदेश...

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। 2019 के बाद के खरीदे गए वाहनों में तो शोरूम से ही नंबर प्लेटें लग रही हैं। इसके पहले के जो वाहन हैं और नंबर प्लेटे नहीं हैं। उन पर ये नंबर प्लेटें लगवाना अनिवार्य है।

## सुवासरा में 50 लाख रूपए की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया




**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ एसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग द्वारा बताया गया कि सुवासरा में लगभग 50 लाख रु की शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। जानकारी अनुसार सुवासरा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम की भूमि सर्वे नंबर 1085 रकबा 0.700 हैक्टेयर भूमि पर अवैध बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा किया हुआ था। राजस्व विभाग द्वारा भूमि पर अतिक्रमण हटाकर नगर परिषद सुवासरा को दी गई। उक्त भूमि पर नगर परिषद द्वारा तार फेंसिग की गई।

## नदी में घुम रहे मगरमच्छ को ढूंढने पहुंचा वन विभाग का अमला

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिवना नदी में मगरमच्छ की आमद दो बार हो चुकी है। दोनो बार मगरमच्छ दिखाई देने के बाद टीम उसे पकडने के लिए पहुंची। लेकिन एक बार पानी में जाने के बाद मगरमच्छ वापिस नहीं आया।

मंगलवार को एक बार फिर रामघाट डेम में मगरमच्छ होने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मगरमच्छ पकड़ने के संसाधनों के साथ यहां पहुंची। टीम ने मगरमच्छ की तलाश भी की। लेकिन, मगरमच्छ दिखाई नहीं दिया।






# नगर के 800 श्रद्धालु यात्रियों की तीन दिवसीय ब्रज यात्रा सानंद संपन्न

## यमुनाजी के चुनरी महोत्सव में हुए सम्मिलित और गिरिराज जी की परिक्रमा की



**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 12 वर्ष पहले 6 श्रद्धालुओं की संख्या से आरंभ हुई गिरिराज परिक्रमा की ब्रजयात्रा इस वर्ष इतनी विस्तारित हुई कि नगर के लगभग 800 श्रद्धालु यात्रियों के आत्मीय समूह ने यह यात्रा संपन्न की। गोवर्धन पर्वत के दर्शन गिरिराज जी की परिक्रमा का अलौकिक लाभ सभी ने लिया। श्री स्वामिनीजी यमुनाजी का चुनरी महोत्सव अविस्मरणीय रहा।गोविंद कुंड का मनोरथ और सीताराम आश्रम में भंडारे के प्रयोजन का भी खूब आनन्द रहा।

यात्रा दल के साथ गए वरिष्ठपत्रकार डा. घनश्याम बटवाल और ब्रजेश जोशी ने बताया कि यात्रा के आंनद की अनुभूति सभी यात्रियों को हुई। ठाकुर जी के धाम में श्रद्धालुओं की इतनी अधिक भीड़ को देखकर हृदय में असीम आनंद का अनुभव हुआ। हमारी सनातन परंपरा और इस परंपरा के पोषक हमारे तीर्थों के प्रति देश वासियों की श्रद्धा और समर्पण की यह भावना मुखरित हो रही है यह सुखद है। यात्रा का यह समूह इस वर्ष विस्तारित हुआ ऐसा लगा मानो हमारा परिवार बढ़ गया यह भी ठाकुर जी की ही कृपा का प्रतिफल है। सहयात्रियों के संग का ऐसा आनंद कि 22 दिसंबर को पहले दिन मंदसौर से चित्तौड़ कब आ गया तब पता चला जब कानों में आवाज आई उतरो उतरो चितौड़ आ गया।बसें बाहर तैयार थीं समय सीमा में श्री सांवरिया जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर पुन: चितौड़ में श्रेष्ठीमना श्री इनानी जी के रमणीय सुरम्य फार्म हाउस पर जलपान और स्वादिष्टस्नेह भोज का आनंद सभी ने लिया। मंदसौर के रेलवे स्टेशन के बाहर के यादगार विदाई समारोह से लेकर चित्तौड़ तक की ट्रेन यात्रा फिर सांवरिया जी के दरबार तक की बस यात्रा आनंद मय रही। यह पहला पढाव था। रात में ट्रेन यात्रा से सुबह श्री ठाकुर जी की जन्मभूमि की रज के स्पर्श के साथ मथुरानगरी में प्रवेश हुआ। वहां भी बसें मौजूद थीं। मथुरा वृंदावन के बीच एक बड़े ही सुन्दर परिसर में ठहरने की व्यवस्था थी। नीचे के ही डोम में नाश्ता भोजन की सेवा उपलब्धता थी सभी का आत्मीय समागम रहा। स्नेहमय भी। ट्रेन बस में सभी का परिचय नहीं हो पाता यही उपयुक्त स्थान परिचयात्मक भेंट के लिए भी रहा। द्वितीय दिवस यमुनाजी का सुंदरी महोत्सव सानंद संपन्न हुआ। महोत्सव में सांसद सुधीर गुप्ता भी शामिल हुए दिल्ली से गरोठ भानपुरा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ और भाजपा नेता मुकेश काला भी साथ आए। शेष समय में सभी ने परंपरागत रूप से मथुरा वृंदावन के मंदिरों के दर्शन किए। पहली बार के यात्री प्राचीन और नवीनतम मंदिरों में दर्शन कर अभी भूत हो गए।

तीसरा दिन श्री गोवर्धन परिक्रमा का था श्रद्धा पूर्वक परिक्रमा पूरी हुई गोविंद कुंड पर महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी की बैठक स्थल भी है यहां के मनोरथ का भी अलौकिक आनंद रहा तो सीताराम आश्रम के भंडारे का दृश्य अभी भी आंखों में घूमता है। सप्ताहांत और वर्षांत होने के कारण और लगातार तीन छुट्टियां के भी कारण ब्रज धाम में असीमित श्रद्धालु आए थे। इलाहाबाद के महाकुंभ में उमड़ते श्रद्धालुओं की भीड़ का सा दृश्य हर जगह नजर आया। मन में खुशी हुई कि देश के अपार हिंदू हमारे मूल धर्म स्थलों से जुड़ रहे हैं। उनके महत्व को समझ रहे हैं। इन भावों को लेकर इस भीड़ को गृहण करें तो किंचित होने वाली असुविधाएं भी खुशी खुशी स्वीकार हो जाती है। यही भाव सभी के रहे। ठाकुर जी की प्रत्यक्ष कृपा का प्रतिफल यह देखिए कि जिस ट्रेन को हमें पकड़ता था हर जगह ट्रैफिक होने से कई यात्री ट्रेन के तय समय से विलंब से स्टेशन पहुंचे प्रभु कृपा यह रही कि पिछले एक हफ्ते से 1 मिनट भी लेट नहीं होने वाली यह ट्रेन पूरे एक घंटा 15 मिनट लेट हुई और सभी यात्री बहुत आराम से ट्रेन में आ गए और ट्रैफिक में फंसने और समय पर नहीं पहुंच पाने का तनाव स्वत: समाप्त हो गया। रात को ट्रेन मिल जाने के सुकून से सुबह डेमो के निकल जाने का कोई भी अफसोस किसी यात्री को नहीं हुआ। जिन्हें आवश्यक कार्य था वे साधनों से निकल गए। शेष यात्रियों ने चित्तौड़ की कोहरे की बहुत ही खूबसूरत सुबह की गुलाबी ठंड का आनंद लिया ऐसा लग रहा था मानो आज मेवाड़ के वीर पराक्रमी राजाओं की यह भूमि आज कुल्लू मनाली के मौसम का अहसास दिला रही थी।इस खुशनुमा मौसम में दो ढाई घंटे का इंतजार कब खत्म हो गया और अगली ट्रेन आ गई सब सवार हो गए और स्वनगर वापसी का सौभाग्य सोमवार 25 दिसंबर को प्रात: 11:00 बजे सभी को प्राप्त हो गया। यात्रियों ने प्रबंधकीय टीम को साधुवाद दिया जिनके द्वारा बनती कोशिश बेहतर व्यवस्थाएं दीं गई।

## वार्षिक अधिवेशन 31 को

**मनासा, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. पेंशनर समाज तहसील मनासा का ग्यारवा वार्षिक अधिवेशन दिनांक 31 दिसम्बर 2023, रविवार को प्रात: 11:00 बजे से 4:00 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष श्री देवीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाशचन्द्र कुमावत, सचिव हरिनारायण नंदवाना एवं शांता ओझा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाकर संस्था के 75 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके आजीवन सदस्यों का शाल व श्रीफल से सम्मान किया जावेगा। समारोह के मुख्य अतिथि श्री डी.पी. दुबे प्रांताध्यक्ष म.प्र. रहेंगें व विशेष अतिथि महा सचिव श्री सी.के. विश्नोई, श्री स्थापक जी, श्री गोपालकृष्ण शर्मा अध्यक्ष मन्दसौर, श्री ऋषभ जी कोठारी, जिला पेंशन अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी जिला नीमच, प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया मनासा रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जे.सी. गुजेटिया जिलाध्यक्ष नीमच करेगें, सभी अतिथिगण अपनी गतिविधियों की जानकारी देंगे तथा सम्मेलन में भविष्य की योजनाओं पर विचार किया जाएगा।

## गोस्वामी समाज ने दत्तात्रेय जयंती उत्साह के साथ मनाई

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 26 दिसम्बर को भगवान दत्तात्रेय जयंती गोस्वामी समाज ने उत्साह के साथ मनाई। समाज द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर स्थित श्री दत्तात्रेय मंदिर में प्रात:काल से ही अनेक धार्मिक आयोजन हुए। जिसमें समाजजनों ने बढ़चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही सीतामऊमें भी महंतों के सानिध्य में समाजजनों ने हर्षोल्लास के साथ दत्तात्रेय जयंती मनाई जिसमें अनेक समाजजन उपस्थित थे।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बताया कि समाजजनों के सहयोग से प्रात:काल दत्तात्रेय मंदिर पर अभिषेक, पूजन एवं महाआरती का आयोजन हुआ। साथ ही समाजजनों की भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। हवन व पूजन में श्री शंभूपुरी मास्टर सा., समाज जिलाध्यक्ष भेरूपुरी ढाबला, मंडल अध्यक्ष मंदसौर मांगुपुरी रिण्डा, रामेश्वर पुरी रूपावली, लक्ष्मपुरी आक्या, भरतपुरी इंदौर कित्तुखेडी, महंतपुरी रामपुरी कित्तुखेड़ी, सुंदरगिरी जालीनेर, गोपाल पुरी, मंदसौर मण्डल अध्यक्ष मांगुपुरी रिण्डा, अनिल पुरी, ब्रह्मपुरी धुंधड़का, रमेश गिरी मंदसौर बैठे। पूजन पं. राजेन्द्र शर्मा साबाखेड़ा ने सम्पन्न करवाई। इस अवसर पर लक्ष्मणपुरी आक्या, रामेश्वरपुरी रूपावली, बगदीगिरी बसेर कॉलोनी, अनिलपुरी रूपावली, मुकेश गिरी पशुपतिनाथ, ओमपुरी, कमल गोस्वामी, अजयपुरी, अनिशपुरी, मयंक पुरी, प्रियांशुपुरी, समरथगिरी बनी सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने किया व अंत में आभार समाज सचिव अशोक गिरी सेजपुरिया ने माना।



## टुटी हुई नाली की ओर पंचायत का ध्यान नही

**लूनाहेड़ा, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लूनाहेडा बावड़ी सड़क मेन चौराहे पर सटे 3 रास्ते पर नाली की स्लिप पिछले कई दिनों से टुटी हुई है। जिसकी ओर ग्राम पंचायत का ध्यान नही है। इस मार्ग पर आवागमन का दवाब अधिक है। यहां चार एवं दो पहिया वाहनों की आवाजाही अधिक है। जिससे हमेशा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। ग्राम पंचायत शीघ्र इस और ध्यान दे। सरपंच ईश्वरलाल धनगर ने कहा कि टुटी हुई नाली स्लिप को शीघ्र दुरस्त करेंगे।

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में तबला वादक मा. गीत अखण्ड शर्मा का नाम दर्ज



**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के प्रसिद्ध बाल कलाकार मास्टर गीत अखण्ड शर्मा ने 25 दिसम्बर को ग्वालियर किले के कर्ण महल के मैदान में तानसेन समारोह में 1500 तबला वादकों के साथ 22 मिनट तक तीन ताल व वंदे मातरम की धुन पर प्रस्तुति देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। तबला वादक गीत अखण्ड शर्मा का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया। 3 वर्ष की उम्र से ही तबला वादन में रूचि रखने वाले मास्टर गीत लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय मंदसौर में गुरु श्री निशांत शर्मा से तबला वादन की शिक्षा प्राप्त कर रहे है। पूर्व में भी मास्टर गीत सेंट्रल इंडिया फिल्म एसोसिएशन (सीफा) द्वारा आयोजित विश्व फिल्म दिवस पर, संस्कार भारती, लता मंगेशकर के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम व अन्य कई कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे चुके है। तानसेन समारोह में पधारे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष प्रस्तुति दी। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 25 दिसम्बर को तबला दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

## उधमसिंह जनमंच द्वारा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहीद उधमसिंह के जन्म दिवस के अवसर पर 26 दिसम्बर को शहीद उधमसिंह जनमंच द्वारा रेल्वेस्टेशन सर्कल अमर शहीद उधमसिंह चौराहा स्थित क्रांतिकारी शहीद उधमसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। क्रांतिकारी शहीद उधमसिंह अमर रहे...अमर रहे... जैसे नारेबाजी कर कर उनके बलिदान को याद करते हुए उधमसिंह जनमंच के संरक्षक राधेश्याम मारू ने बताया की 1857 की क्राति के समय जलियाँवाला बाग हत्याकांण्ड मे सैंकड़ो बेकसुर भारतीय मारे गये थे, उसी का बदला लेने वाले उधसिंह की जन्म जयन्ती 26 दिसम्बर पर प्रतिवर्ष इस वर्ष भी अमर शहीद का बलिदान दिवस मनाया। शहीद उधमसिंह शत शत नमन!! प्रणाम कर उनके उनके उनुयाईयो जनमंच के सरक्षक राधेश्याम मारू, अध्यक्ष ईश्वर चंदेल, समाजसेवी पं.महेश दुबे, सासंद प्रतिनिधी बंशीलाल राठौर, ईच्छापुर्ण बालाजी मंदिर के अध्यक्ष, सीएस दडोतिया, गोपाल बैरागी, आदी ने माल्यार्पण किया।

## महिदपुर के बिसनखेड़ी नाले के पास से मिला 11 फीट का अजगर



**उज्जैन, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की महिदपुर तहसील के बिसनखेडी गांव के पास से वन विभाग ने 11 फीट के अजगर को पकड़ा है। अजगर ठंड के कारण नाले से निकलकर एक खेत में धूप सेक रहा था उसी दौरान उसे टीम ने रेस्क्यू किया। करीब 60 किलो वजनी अजगर को 5 सदस्यीय टीम ने रेस्क्यू किया है। अजगर से ग्रामीणों में भय की स्थिति बनी थी और वन विभाग की टीम को महिदपुर प्रशासन ने इससे अवगत करवाया था।

डिप्टी रेंजर वाईल्ड लाईफ मदन मोरे ने बताया कि मंगलवार को पूर्वान्ह में सूचना मिलने पर 5 सदस्यीय दल रवाना किया गया था। अजगर को खेत में धूप सेकने के दौरान ही रेस्क्यू किया गया। स्थल से उसे जिला मुख्यालय लाकर डाक्टरों से परीक्षण के उपरांत देवास जिले में नर्मदा किनारे छोडने के लिए टीम रवाना की गई है। गांव से कुछ किलोमीटर की दूरी पर कालीसिंघ नदी है। इसी से गांव का नाला मिला हुआ है। नदी से बारिश के दिनों में यह नाले तक पहुंच गया होगा उसके बाद से यहीं ग्रोथ कर रहा होगा। ठंड के कारण नाले से बाहर आने पर ग्रामीणों ने देखा और भय की स्थिति के कारण अजगर को पकडना पडा है। पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया ने बताया कि परीक्षण में उसका वजन करीब 60 किलो सामने आया है। लंबाई 11 फीट रही है। इंडियन राक पायथन प्रजाति की मादा थी। उसके पूरे शरीर को अच्छी तरह से देखा गया है उसे कहीं कोई चोंट, खरोच नहीं थी जिससे की उसे जंगल में चिटी लगने का खतरा नहीं था। पूरी तरह से सक्रिय स्थिति को देखते हुए उसे जंगल क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से छोडने के लिए अनुशंसा की है।



## श्रीमद् भागवत हमें सांसारिक मोह बंधनों से मुक्ति का मार्ग बताती है- पं.दशरथभाईजी

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड़ पर परम पूज्य श्री दशरथभाईजी के मुखारविन्द से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान प्रतिदिन दोप. 1 से सायं 5 बजे तक कराया जा रहा है। पं. दशरथभाईजी के मुखारविन्द से श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन ज्ञान की गंगा प्रवाहित हो रही है। श्री शांतिलालजी श्री नानालालजी एकलिंग सोनी (कुलथिया) परिवार के द्वारा अपने पितृजनों की पावन स्मृति में यह भागवत कथा कराई जा रही है। प्रतिदिन इस कथा को श्रवण करने बड़ी संख्या में धर्मालुजन माहेश्वरी धर्मशाला पहुंच रहे है।

भागवत कथा के द्वितीय दिवस मंगलवार को पं. दशरथभाईजी ने राजा परिक्षित व सुखदेवजी महाराज संवाद एवं भगवान कपिलजी के ज्ञानवर्धक उपदेश की कथा श्रवण कराई। पं. दशरथभाईजी ने भगवान श्री कृष्ण के साथ अर्जुन की मित्रता एवं महाभारत के युद्ध में अर्जुन को दिये गये भगवत गीता के उपदेश का सार भी बताया। पं. दशरथभाईजी ने कहा कि राजा परीक्षित अर्जुन के पात्र व अभिमन्यु के पुत्र थे। महाभारत युद्ध की समाप्ति के समय अश्वत्थामा ने जब उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया उस दौरान श्रीकृष्ण की कृपा से राजा परीक्षित अपने माता के गर्भ में भी सुरक्षित रहे। वे राजा परीक्षित जब साधु संतों का अपमान करते है तो उन्हें ऋषि पुत्र से 7 दिवस में मृत्यु होने का श्राप मिलता है। राजा परीक्षित अपने मृत्यु के भय से भयभीत होकर सुखदेवजी के चरणों में पहुंचते है वहां सुखदेवजी उन्हें भगवान श्री कृष्ण की महिमा बताने वाली भागवतजी का उन्हें श्रवण कराते है। वे सात दिवस तक पूरे मनोरथ से कथा श्रवण करते है तो वे सभी सांसारिक मोह बंधनों व मृत्यु के भय से मुक्त हो जाते है। भागवत कथा हमें मुक्ति का मार्ग बताती है।

**प्रभुजी की महिमा का श्रवण, किर्तन व स्मरण करे–** कथा में पं. दशरथभाईजी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रभु श्री कृष्ण या जिस भी प्रभु के प्रति वह आस्था रखता हो उनकी महिमा को श्रवण करना चाहिये और भजन किर्तन में भी भागीदारी करना चाहिये और यदि इतना भी नही कर सको तो प्रभु की महिमा का स्मरण जरूर करना चाहिये। यदि प्रभु की महिमा को स्मरण करते समय आप एकान्त में रहोगे तो उत्तम साधना की स्थिति को प्राप्त कर लोगे।

**आत्मसंतोष की जीवन जीये–** दशरथभाईजी ने कथा में कहा कि वर्तमान में हमारी जीवन शैली भागदौड़ की है जब तक हम आत्मसंतोष का जीवन नहीं जीयेंगे तब तक आत्मसुख नहीं पा सकेंगे। हमें आत्मसुख को पाना है तो आत्मसंतोष के गुण को अपनाना पड़ेगा।

**गंगा के दर्शन से भी पूण्य मिलता है–** अपने धर्मसभा में कहा कि पृथ्वी पर गंगा लाने के लिये सगर के 60 हजार परिवारजनों ने खूब परिश्रम किया लेकिन वे गंगा को नहीं ला सके। भागीरथ ने गंगा को पृथ्वी पर लाने का पुण्य अर्जित किया उसी प्रकार कुलथिया सोनी परिवार के शांतिलाल सोनी ने भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव (कथा) कराने का जो धर्मलाभ लिया वह अद्भूत है।

**जन्म व मरण दोनों के दुखों से मुक्त रहो–** पं. दशरथभाईजी ने कहा कि जन्म व मृत्यु दोनों में मनुष्य ही नहीं अपितु सभी प्राणियों को दुख होता है। लेकिन भागवत का जो पूरे मनोभाव से श्रवण कर लेता है वह जन्म व मृत्यु दोनों के भय से मुक्त हो जाता है। जन्म के पूर्व 9 माह तक जब गर्भ में होता है तो उसे कई कष्ट होते है। जब मृत्यु निकट आती है तो व्यक्ति शोक में डूब जाता है। हमें इस स्थिति में क्या करना यही भागवत हमें ज्ञान प्रदान करती है

**प्रेम करो तो गोपियों जैसा करो–** आपने कहा कि श्री कृष्ण से गोकुल की गोपियों ने सबसे ज्यादा प्रेम किया। निस्वार्थ भाव से गोपियां जितना कृष्णजी को याद करती थी उतना हम नहीं करते है। इसी कारण हम कृष्णजी को नहीं पा सके। जबकि गोपियों ने सालोंसाल इंतजार किया लेकिन दर्शन नहीं पा सकी लेकिन उन्हें श्री कृष्ण की परम कृपा प्राप्त कर ली।

## करणखेड़ी के ग्रामीणों ने बंदर का तेरवा किया

**कुचड़ोद, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंचल के ग्राम करण खेड़ी तहसील सीतामऊमें ग्रामीणों ने बंदर की मृत्यु पर 13 दिन तक हिंदू रीति रिवाज की रस्में निभा कर, मृत्यु भोज भंडारा किया एवं पूरे ग्राम वासियों को भोजन कराया। वही दशा कर्म पर एक ग्रामीण ने मुंडन कराया। वही बंदर का विधि विधान से चंबल नदी हांपावरा स्थित त्रिवेणी संगम पर जाकर बद्री लाल गुर्जर सहित अन्य ने विधि विधान से बंदर का पिंडदान किया। सो परिवारों की बस्ती वाले करण खेड़ी गांव में बंदर की मृत्यु पश्चात तेरा दिन बाद गांव में तेरवा मृत्यु भोज, भंडारा किया।

ओंकार लाल गुर्जर एवं बद्री लाल गुर्जर ने बताया तेरा दिन पूर्व गांव में एक बंदर की मृत्यु हो गई थी। जिसे हम ग्रामीणों ने विधि विधान से दफनाया। सभी रस्में निभाकर 13 दिन बाद ग्रामीणों के सहयोग से बंदर का तेरवा किया। एवं पूरे ग्राम वासियों को हनुमान जी के मंदिर पर भोग लगाने के बाद मालपुआ कड़ी बनाकर भोजन करवाया। इससे पहले पिंडदान की रस्म भी निभाई। हांपावरा गांव के समीप चंबल नदी त्रिवेणी संगम पर पंडित जी द्वारा विधि विधान से बंदर का पिंडदान करवाया। गांव में दशा कर्म पर गांव के बद्रीलाल गुर्जर ने मुंडन करवाया। इसके बाद 13वीं की रस्म निभाई। हिंदू धर्म में बंदर को हनुमान जी का रूप मानते हैं। इसलिए ग्रामीणों ने बंदर की मृत्यु पर हिंदू रीति रिवाज की सभी रस्में निभाने का निश्चय किया। मंगलवार को 13वीं की रस्म निभा कर सभी ग्रामीणों के सहयोग से भंडारा किया। एवं सभी को भोजन कराया।



## जनसुनवाई में 48 लोगों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एडीएम सुश्री नेहा मीना ने जनसुनवाई करते हुए-48 लोगों से रूबरू होकर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू, एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे, जावद एसडीएम श्री राजकुमार हलदर, मनासा एसडीएम श्री पवन बारिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में पिपलियाबाग के बाबुलाल भील ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम दर्ज कर, योजना का लाभ दिलवाने, ग्राम लखमी की अंशीबाई ने विपक्षी द्वारा गाली-गलौच करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, कुम्हारागली नीमच के सुबोध कुमार ने अतिक्रमण हटवाने आदि ने भी अपना आवेदन जनसुनवाई में कलेक्टर को प्रस्तुत कर, अपनी समस्याएं सुनाई।

## धार्मिक एवं सामाजिक सेवा में सदैव अग्रणी रहे मोहनलाल पारिख-नागर



**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में भगवान श्री गोवर्धननाथजी की सेवा के लिये पहचाने जाने वाले स्व. श्री मोहनलाल पारिख धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के साथ-साथ सभी से मिलनसार व्यक्ति के धनी थे। बड़े बच्चे और हम उम्र के साथ सदैव खुश मिजाज से रहने वाले श्री मोहनलालजी का इस दुनिया से जाना केवल कलकत्ता वाला परिवार की नहीं अपितु सम्पूर्ण धार्मिक क्षेत्र की क्षति है।

उक्त विचार सर्वशिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री जयेश नागर ने श्री मोहनलाल पारिख के निधन पर मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में व्यक्त किये। श्री पारिख का अल्प बीमारी के बाद निधन हो गया। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र मनीष पारीख ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के श्री अरूण शर्मा, वैश्य महासम्मेलन के श्री भगवानभाई विजयवर्गीय, दशपुर जागृति संगठन के सत्येन्द्रसिंह सोम, जीतुभाई पारख, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, अरूण गौड़, समाजसेवी अशोक पारीख, राजाराम तंवर, अजीजउल्ला खा खालिद, सेवा बैंक के सुनील बंसल, अन्नक्षेत्र न्यास समिति, फतेहपुरिया अग्रवाल समाज, भाजपा जिला मंदसौर, म.प्र. नागर ब्राह्मण परिषद, विशा नागर वाणिक पारख समाज, सर्व ब्रह्म समाज, पारख युवा समिति एवं जनजागृति संगठन के अमित परमार, दिनेश जेठानिया, शिक्षक समाज एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में जुड़े गणमान्य नागरिकों ने श्री मोहनलाल पारिख कलकत्ता वाले को अपनी श्रद्धांजलि दी।

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में मंदसौर के पहलवानों ने जीते पदक





**मंदसौर, 26 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मप्र राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 23 से 25 दिसंबर तक उज्जैन में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में मंदसौर के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-15 एवं जूनियर बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में मंदसौर के पहलवान रोहित पुत्र राजेश राठौर ने 75 किलोग्राम वजन समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब रोहित आगामी दिनों में उप्र के अयोध्या में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी तरह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-15 वर्ग में मंदसौर के पहलवान धीरज पुत्र श्याम बम ग्वाला ने 44 किलो वजन समूह में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। दोनों पहलवानों को यह उपलब्धि प्राप्त करने पर व्यायाम शाला के उस्तादों एवं साथी पहलवानों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिला सड़क सुरक्षा उप समिति की बैठक 29 को

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि जिला सडक सुरक्षा उप सिमिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 29 दिसंबर को सायं 4 बजे उप पुलिस अधीक्षक के कक्ष में आयोजित की जाएगी।

## मिथक तोड़ने व गढ़ने में अटल...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अटलबिहारी वाजपेयी जैसा कि नाम में ही जिनका पूरा जीवन व्रत समाहित हे। इस शख्सीयत में राष्ट्रवादी विचारो के प्रति अटल विश्वास और अडिगता कूट कूट कर भरी हे और उसे कार्यरूप में परिणीत करने का अदम्य साहस हिलोरे मारता हे। बातो और विचारो को जन जन तक पंहुचाने वाला सह्रदय कवी राष्ट्रसेवा के लिए चिंतन त्याग के साथ ही जरूरत पड़ने पर प्रतिकार लेने का माद्दा जिनमे हमेशा रहा। प्रेरणा पुरुष बनकर पक्ष विपक्ष में समान भाव से आदर पाने वाले देदीप्यमान चरित्र वाले और एक प्रयोगधर्मी राजनेता जो भारतीय राजनीति के पक्ष विपक्ष में रहकर रहकर दशा दिशा बदलने में प्रथम प्रेरक पुरुष बने। जिन्होंने जीवन के ध्येय पथ पर आगे बड़ना ही राजनेताओं को राष्ट्र सेवा गुरुमंत्र के रूप में सिखाई। वे संभवतया अपने राजनेतिक जीवन के विभिन्न पड़ावों में राष्ट्र को गोरवांतित करने का अवसर प्रदान करने वाले राजनेता सिद्ध हुए। जबकि आज ऐसा होना दुर्लभ हे इसलिए कहा गया हे की व्यक्ति को उसके विचार और कार्य महान बनाते हे तभी वह राष्ट्र के लिए प्रेरणा पुरुष बनता हे। राजनीति में ऐसे लोग बिरले ही होते हे जिनका प्रशंसक स्वयं के दल में ही नही बल्कि विपक्षी दलो में भी बड़ी संख्या में होते हे। यह प्रशंसक किसी स्वार्थवश नही अपितु उनका व्यक्तित्व और कार्य के प्रति उनमें अपार संभावनाएं देखते हे। अटल जी का व्यक्तित्व सरल हे तभी तो उन्होने कांग्रेस पार्टी के इस मिथक को तोड़ा की गठबंधन सरकारे स्थायित्व की गारंटी नही हे। अटलजी देश के पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होने गेर कांग्रेसी सरकार चलाकर पूरे पांच वर्ष पूर्ण कर के भी दिखाए। यह जवाबदेही उस समय और अधिक बड़ जाती हे जब उसमे 24 दलो का गठबंधन हो। अटल जी ने इन घटको को एक सूत्र में पिरोकर पांच वर्ष राष्ट्रधर्म निभाया। अटलजी के शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि थी की उन्होने देश के सबसे बड़े पद पर राष्ट्रपति के लिए गैर राजनेतिक व्यक्तित्व डा ए पी जे अब्दुल कलाम को आगे बढ़ाया। अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में अपना उदबोधन देकर भारत माता के भाल पर हिंदी के सम्मान की बिंदी लगाई। अटलजी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अंतराष्ट्रीय स्तर पर इस बात का संकेत दिया की भारत को कमजोर न समझा जाए। पाकिस्तानी घुसपैठियों को बिना किसी दबाव में आकर खदेड़ने के लिए अटल जी ने कारगील युद्ध का शंखनाद किया। अटल जी ने अपने कार्यकाल में कई मिथक तोड़े जिनकी संभावनाएं दूर दूर तक नजर नही आती थी। समाज सेवा, राष्ट्रसेवा से लेकर निजी जीवन तक में उन्होने मातृभूमि की सेवा का ही संकल्प दोहराया हे। अटल जी ने किसी भी मुद्दे पर हार नही मानी उन्होने अपनी कविता हार नही मानूंगा रार नही ठानूंगा को अपने राजनेतिक जीवन में हर कदम पर सच साबित कर दिखाया। ऐसे बहुमुंखी प्रतिभा के धनी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई जी का पूरा जीवन प्रेरणाओ का बड़ा ग्रंथ हे जिसे जो नेता दल जितना पड़कर आत्मसात कर के आगे बढ़ेगा वह उतने ही सटीक तरीके से राष्ट्रधर्म निभा पाएगा क्योंकि अटल जी ने केवल राष्ट्रधर्म का पाठ ही नही पढ़ाया उसे निभाया भी है।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

K RUSHI INDIA CORPORATION

**पंजीकृत कार्यालय**

**ब्लॉक नंबर- 392, प्लॉट नंबर- 1 से 66, धामदोद, रामदेव होटल के पास, पीपी सवाणी यूनिवर्सिटी के सामने, एनएच-8, ता-मांगरोल, जिला- सूरत (गुजरात)**

कृषि एवं सहकारिता विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश सं. 2900 (ई) दिनांक 24 अक्टूबर 2015 और आज तक के FCO संसोधन के अनुपालन में M/s Krushi India Corporation द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न निर्दिष्टियों के अनुसार नये 100% जल में विलय मिश्रण उर्वरक ग्रेड मध्य प्रदेश राज्य में प्रस्तुत कर रहे है। (1) NPK-00:30:20/ NPK- 05:00:35/ NPK-28:28:00/ NPK-16:16:16/ NPK-14:14:14/ NPK-6.5:17:17/ NPK- 00:30:30/ NPK-15:08:08/ NPK-8.5:22:11/ NPK-13:13:13/ NPK-13:34:00/ NPK- 19:19:00/ NPK- 6.5:6.5:31, NPK-13:40:13, NPK-19:19:19

Partner
K RUSHI INDIA CORPORATION

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 337 | 2030 | 2511 |
| उड़द | 25 | 5070 | 8950 |
| सोयाबीन | 4170 | 4100 | 4881 |
| गैहु | 1984 | 2415 | 3011 |
| चना | 95 | 4901 | 5270 |
| मसुर | 165 | 5570 | 5980 |
| धनिया | 258 | 5300 | 7250 |
| लहसुन | 8500 | 8000 | 22800 |
| मैथी | 239 | 5200 | 6250 |
| अलसी | 1050 | 4501 | 5100 |
| सरसो | 441 | 3851 | 5060 |
| तारामीरा | 1 | 4764 | 4764 |
| इसबगोल | 27 | 10750 | 16202 |
| प्याज | 4200 | 401 | 1311 |
| कलोंजी | 125 | 12000 | 16450 |
| डॉलर | 9 | 7018 | 11800 |
| तिल्ली | 3 | 14141 | 16171 |
| मटरसुखी | 1 | 2660 | 2660 |
| असालीया | 2 | 10300 | 10300 |

## खेत की सिंचाई के विवाद में पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** खेत के क्यारे में पानी पिलाने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज किया। नाहरगढ़ थाने पर ढोरी निवासी वीरेन्द्र पिता खेमराज बलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरा भाई प्रदीप खेत की मेड के पास क्यारे में पानी पिला रहा था, इसी दौरान खेत का पड़ोसी रामबाबू पिता भेरुलाल बलाई व बनारस पिता रखीलाल बलाई आए और बोले कि क्यारे में पानी क्यों पिला रहा है, कहते हुए गाली-गलौज की व मेरे भाई के साथ मारपीट की लकड़ी से पीटा, जिससे गर्दन, कंधे पर चोंटे आई। पुलिस ने रामबाबू व बनारस के खिलाफ केस दर्ज किया।

### टक्कर मारने वाले ट्रेक्टर ड्राइवर पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 26 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल करने वाले ट्रेक्टर ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार गत् 21 दिसम्बर की शाम फोरलेन पर चंगेरी फन्टे पर बाइक (एमपी 14 जेडए 8857) पर सवार नन्दावता निवासी अशोक पिता मोहनलाल बलाई को ट्रेक्टर (एमपी 14 एए 4725) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी थी, जिससे अशोक गंभीर घायल हो गए थे, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती करया था। विवेचना के बाद मल्हारगढ़ पुलिस ने जवासिया (भावगढ़) निवासी कांतिलाल पिता भंवरलाल बलाई की रिपोर्ट पर मंगलवार को ट्रेक्टर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।



# कोहरे के कारण हो रही दुर्घटना

## यात्री बस बैलगाड़ी से टकराई, 29 से बारिश की संभावना

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं से कड़ाके की ठंड का असर बना हुआ है। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले दो दिन कोहरे की दस्तक रहेगी। मंगलवार सुबह अंचल में कोहरा छाया रहा। इससे विजिबलिटी 200 से 500 मीटर तक रह गई। कोहरे के कारण नाहरगढ़ क्षेत्र के तुम्बड़ पूल पर यात्री बस ने बैलगाड़ी को टक्कर में दी। हालांकि, हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में पूर्वी या दक्षिण-पूर्वी हवाएं सक्रिय है। ग्वालियर-चंबल में उत्तरी-पूर्वी हवाओं का टकराव है। इस कारण घना कोहरा छा रहा है। अगले दो दिन तक कोहरे का असर रहेगा। इसके बाद 29 दिसंबर के आसपास एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसके काफी स्ट्रांग होने का अनुमान है। इस कारण 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक प्रदेश के उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के कुछ क्षेत्रों के बारिश के साथ ओलावृष्टी भी हो सकती है।

## खेत में जा गिरी एसयूवी, एक की मौत

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ- मंदसौर रोड पर एक एसयूवी वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खेत में जा गिरा। जिससे एक की मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार बिलात्री टोल टैक्स के आगे तेज गति से आ रही एक एसयूवी अनियंत्रित हो गई। जिससे वाहन खेत में करीब दो सौ फीट दूर जाकर पलट गया। दुर्घटना में कार सवार साखतली निवासी रोहित बैरागी की मौके पर ही मौत हो गई। ममाले में पुलिस जांच जारी है।

## म.प्र. पंचायत सचिव संगठन ने मंदसौर जिलाधक्ष पद पर दशरथ मालवीय को किया नियुक्त

**भोपाल, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुवे संगठन के प्रांताधक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत ने प्रदेश कार्यकारणी की सहमति उपरांत मंदसौर जिला अध्यक्ष पद पर दशरथ मालवीय पहेड़ा को नियुक्त किया गया। मंदसौर जिले में श्री राजपूत द्वारा संगठन की गतिविधियों को संचालित करने के लिए गरोठ ब्लाक अधक्ष पद पर मिठू सिंह गुर्जर बामली, भानपुरा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सुनील शर्मा पिपलिया राजा, मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर लालसिंह डांगी संजीत को नियुक्त किया गया। यह जानकारी मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने दी।





## आईजी ने मंदसौर में किया निरीक्षण, अधिकारियों की बैठक ली

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक 'आईजी' उज्जैन रेंज संतोष कुमार सिंह एवम पुलिस उपमहानिरीक्षक 'डीआईजी' रतलाम जोन मनोज कुमार सिंह मंगलवार को मंदसौर पहुंचे।

यहां उन्होंने जिला पुलिस विभाग का वार्षिक निरीक्षण किया। इसके बाद कंट्रोल रूम पर बैठक ली। जिसमें अपराधों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में मंदसौर पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया के साथ ही जिले के पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से वंचितों और गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ-सांसद

**[ विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव में कर रही है भ्रमण ]**

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्पल यात्रा का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम डिगावमाली, अरनिया निजामुद्दीन, गरोड़ा एवं सागवली, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा टकरावद एवं हिंगोरिया छोटा, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा रलायती एवं मोलाखेडी बुजुर्ग, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा पगा, खजुरना, जनपद पंचायत सीतामऊमें ढिकनिया, कोटडामाता, शक्कररखेड़ी जागीर एवं खेजडिया में भ्रमण किया। यात्रा में सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए एवं योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। पात्र हितग्राहियों को तुरंत लाभ भी दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में वंचितों और गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई है। जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कार्य कर रही है। अब ड्रोन के माध्यम से खेती पर दवाई छिड़काव का कार्य होगा। इस दौरान श्री नानालाल अटोलिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीण जन एवं पत्रकार उपस्थित थे।



विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्वध ला योजना, प्रधानमंत्री विश्वोकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिटकार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्विक, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना आदि की जानकारी देकर लाभ भी दिया गया। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजुवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के बारे में जानकारी देकर लाभ वितरित किया गया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी-** विकसित भारत संकल्पक यात्रा 27 दिसंबर 2023 को यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम गुर्जरबर्डिया, पलवई, करजु एवं कटलार, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा बुढ़ा एवं बादपुर, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा लसुड़िया एवं साठखेड़ा, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा हरनावद एवं मिङ्गनखेडी, जनपद पंचायत सीतामऊमें बिशनिया, धाकडपिपलिया, लारनी एवं रहिमगढ़ में भ्रमण करेंगी।

## कांग्रेस स्थापना वर्ष एवं स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देशानुसार हमारी महान संस्था 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' का 139 वाँ स्थापना वर्ष एवं 138 वाँ स्थापना दिवस 28 दिसम्बर 2023 को मन्दसौर जिला कांग्रेस पर मनाया जाएगा। डॉ तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संघर्ष,त्याग और बलिदान का इतिहास रहा है। 28 दिसम्बर 2023 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना वर्ष है। इस अवसर पर मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय मन्दसौर पर प्रात: 9 बजे झण्डा वन्दन किया जाएगा एवं उसके उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों व वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जी जैन एवं वरिष्ठ नेतागण होंगे। डॉ तोमर ने बताया कि आयोजन में सभी जिला व ब्लॉक पदाधिकारीगण, मण्डलम, सेक्टर अध्यक्षगण, बीएलएगण, बूथ कमेटी के साथीगण, मोर्चा संगठन,विभाग व प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, पार्षदगण,पूर्व पार्षदगण एवं सभी कांग्रेसजनों को आमंत्रित किया गया है व उनसे अनुरोध किया है कि इस आयोजन में उनकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

# उप मुख्यमंत्री देवड़ा का कल मंदसौर आगमन पर होगा स्वागत

## जिला भाजपा कार्यालय सहित शहर के विभिन्न मार्गो पर निकलेगी स्वागत रैली

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एंव मल्हारगढ़ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री जगदीश देवड़ा उपमुख्यमंत्री बनकर 28 दिसंबर गुरूवार को भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में पधार रहें है। श्री देवडा के आगमन पर जिला भाजपा पदाधिकारीगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्षगणों एंव नागरिक बंधुओं द्वारा श्री जगदीश देवडा का भव्य स्वागत शहर के विभिन्न मार्गो पर स्वागत मंच के माध्यम से किया जायेगा।



उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया की श्री जगदीश देवड़ा के प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनने से मंदसौर जिले के कार्यकर्ताओं में निश्चित रूप से ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हम शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद श्री जगदीश जी देवडा का जिला मुख्यालय में प्रथम आगमन पर मेरा सभी संगठन पदाधिकारी एंव जनप्रतिनिधि गणों एवं नागरिक बंधुओ से आग्रह है की इस अवसर पर श्री देवडा का भव्य स्वागत करें। कार्यक्रम अनुसार भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पर 28 दिसंबर को दोपहर 12:45 बजे जिला भाजपा संगठन एंव जनप्रतिनिधि गणों की उपस्थिति में पूजन अर्चन कर मंदिर परिसर से वीर सावरकर ब्रिज (बडी पुलिया), खानपुरा चौराहा, मंडी गेट चौराहा, सराफा बाजार, घंटाघर चौराहा होते हुए जिला भाजपा कार्यालय पंहुचेगें जहाँ संगठन पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा का अभिनंदन किया जायेगा तत्पश्चात स्वागत रैली बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड, युवराज क्लब, गांधी चौराहा, पं.दीनदयाल उपाध्याय उद्यान, बी.पी.एल. चौराहा, गुप्ता कचोरी, पामेचा प्रतिक्षालय, महाराणा प्रताप चौराहा होते हुए हीरा की बगीची पर पंहूचेगी जहॉ सभा सम्पन्न होगी।

## प्रताड़ना से तंग होकर की थी आत्महत्या जांच के बाद सास पर हुआ प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ पुलिस ने विवाहिता की आत्महत्या के मामले में जांच के बाद मृतिका की सास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसडीओपी निकिता सिंह ने जांच के दौरान मृतिका की सास के खिलाफ प्रताड़ित करने के सबूत मिल पाए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीते 19 दिसंबर को लदुना निवासी इरफाना बी पति कोहिनूर उम्र 22 वर्ष ने जहर गटक लिया था। बड़े अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में शहर कोतवाली में मर्ग दर्ज किया जिसकी जांच सीतामऊ एसडीओपी निकिता सिंह ने की। मामले में मृतका के ससुराल और मायके वालो सहित अन्य लोगो के बयान दर्ज किए गए। जांच में सामने आया कि मृतिका की सास आजिदा पति न्याज मोहम्मद उम्र 35 वर्ष उससे झगड़ा कर मृतिका के चरित्र पर सवाल उठाती थी। रोज के झगड़े से परेशान मृतिका इरफाना बी अपने पिता के पास चली गई थी। जिसके बाद पिता ने उसे समझाकर वापस सुसराल भेज दिया था। सास के तानों और रोज के झगड़े से प्रताड़ित होकर इरफाना ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। जांच के बाद सीतामऊ पुलिस ने सास आजिदा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मामला दर्ज किया है।

## जनसुनवाई में 47 आवेदन आए


**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 47 आवेदकों की समस्याईएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठर प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।

## सीतामऊ में दत्तात्रेय जन्मोत्सव पर दशनामी गोस्वामी समाज द्वारा निकाली कलशयात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**मंदसौर/सीतामऊ, 26 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** सनातन धर्म का डंका आज पूरे विश्व मे बज रहा है,जन जन जागरूक हो रहा है और उस जाग्रति में सन्त समाज की भूमिका के साथ दशनामी गोस्वामी समाज की भूमिका सदैव अग्रणीय रही है हम भगवान शिव के पुजारी है सनातनी परम्परा को जीवंत स्वरूप में रखने व आगे बढाने की जिम्मेदारी हमारी है ओर हमारे युवा भी धीरे आधुनिकता की अंधी दौड़ में परम्पराओ व रीति रिवाजों से दूर होते जा रहे है जो अनुचित है क्योंकि सनातन धर्म ध्वज वाहन का कार्य शेव अखाड़ो,,शंकराचार्य परम्पराओ ने हमे सोपा है आज सम्पूर्ण विश्व सनातन की राह पर अग्रसर हो रहा है और हम उसके पथ प्रदशक बने यह समय की मांग है उक्त वक्तव्य महामंडलेश्वर राष्ट्रीय सन्त मुकेशानंद गिरी महाराज उज्जैन द्वारा सीतामऊनगर में दशनामी गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित दत्तात्रेय जन्मोत्सव निमित्त कार्यक्रम में कहे कार्यक्रम को जगदगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठ स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ द्वारा भी सम्बोधित किया गया साथ ही मंच पर अनेक राष्ट्रीय सन्त महात्मा मण्डलेश्वर भी उपस्थित थे।। सभा बौद्धिक से पूर्व सीतामऊनगर में मोड़ी माता मंदिर से ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा सीतामऊनगर में निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति के साथ समाजजनों व सन्तो ने भाग लिया,,पूरे नगर में अनेको स्थानों पर ऐतिहासिक कलशयात्रा व शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया इससे पूर्व सीतामऊनगर में इतना बड़ा सामाजिक धार्मिक आयोजन नही हुआ था।। दशनामी गोस्वामी सीतामऊ मण्डल के बावन ग्रामो के मंडलो की कड़ी मेहनत से दत्तात्रेय जन्मोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन सफल हुआ जिसमें मन्दसौर, नीमच,,रतलाम, उज्जैन, आगर, शाजापुर सहित अनेको जिलों के समाजजन भी कार्यक्रम में उपस्थित होने पधारे थे।। आयोजन समिति द्वारा सभी पत्रकारों, पुलिस प्रशासन व नगर वासियो का आभार व्यक्त किया गया।

## फेशिटिलेशन कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय फेशिटिलेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन व्यय लेखे को प्रस्तुत करने की अंतिम तारिख के पहले एक सप्ताह के अंदर सभी अभ्यर्थियों/निर्वाचन एजेंटो के लिए एक दिवसीय फेशिलिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, श्री रौनक दुबे, समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय एजेंट, समस्त लेखा दल प्रभारी एवं सदस्य तथा जिला नोडल दल के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण डॉ जे. के. जैन और श्री तोमर द्वारा दिया गया। आगामी लेखा समाधान बैठक 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित होगी।



## दो विद्यार्थियों ने स्किल एक्सपोजर विजिट में दिल्ली में किया प्रतिनिधित्व

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के 2 विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय स्किल एक्सपोजर विजिट दिल्ली में किया प्रतिनिधित्व, नवीन व्यावसायिक शिक्षा के स्टार परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय स्किल एक्सपोजर विजिट 2023 का आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली में हुआ जिसके अंतर्गत प्रदेश में मंदसौर जिले के लकी राज हाडा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसोदा तथा अशोक दाहना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमलिया हीरा ने जिला व्यावसायिक समन्वयक श्री रवीद्र कुमार दवे (प्राचार्य)के नेतृत्व में जिले का प्रतिनिधित्व किया वहीं उज्जैन संभाग का नेतृत्व संभागीय व्यावसायिक समन्वयक श्रीमती संध्या निर्भय ने किया विजिट में विभिन्न आईटी इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी से संबंधित उद्योगों का शैक्षणिक भ्रमण किया गया साथ ही एक दिन ऐतिहासिक स्थान का भ्रमण किया प्रदेश के समस्त जिलों से 245 सदस्यों की टीम प्रतिभागी रही व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री विनोद गुर्जर भी उपस्थित रहे लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के अधिकारी डॉक्टर महेश जैन सोम कुवर एवं श्रीमती माधवी शुक्ला श्रीमती संध्या चौधरी द्वारा विजिट का मार्गदर्शन किया गया गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार की व्यावसायिक शिक्षा के स्टार परियोजना अंतर्गत जिला एवं प्रदेश स्तर भोपाल में कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था उसमें चयन के पश्चात आयोजित विजिट 2023 में छात्रों को अवसर मिला यह देश की पहली विज़िट हुई जो बड़े पैमाने पर आयोजित की गई निश्चित ही विद्यार्थियों में कौशल विकास के क्षेत्र में एवं आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगी।



## कश ट्रॉफी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नमेंट का आगाज

**मंदसौर, 26 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल फुटबॉल क्लब, मंदसौर द्वारा नगर के दिवंगत फुटबॉल खिलाड़ियों स्व. जितेंद्र सिंह मसराम और स्व. गौरव गिरवाल की स्मृति में आयोजित कश ट्रॉफी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का आग़ाज़ मंगलवार से हो गया है।

पहला मैच डी. के फार्मा, मुंबई और छिंदवाड़ा एफ सी के बीच खेला गया, जिसमे डी. के फार्मा ने छिंदवाड़ा की टीम को 2-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इनके मैच में अनुशासनहीनता के कारण डी. के. फार्मा के कोच को रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया।



द्वितीय मैच चंबल एफ सी, मंदसौर और कासा एकेडमी बड़वानी के बीच खेला गया। जिसमे चंबल एफ सी, मंदसौर ने कासा एकेडमी बड़वानी को 4-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। चंबल एफ सी की तरफ से चारों गोल अनुराग रावत (रानी) ने किए और मन ऑफ द मैच बने। आज के टूर्नमिंट के शुभारंभ में मुख्य अतिथि खाटू श्याम मंदिर समिति अध्यक्ष श्री शिवकरण प्रधान (गुरुजी), उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री विनोद गर्ग ,जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष श्री प्रीतेश चावला, समाजसेवी श्री राजेश गुर्जर, प्राचार्य पी जी कॉलेज श्री एल. एन. शर्मा, वाय. डी. नगर थाना प्रभारी श्री संदीप मंगोलिया, श्री राजू कुमार स्पोटर्स अधिकारी पी जी कॉलेज, समाजसेवी श्री हरीश गर्ग उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार प्रकट किया और समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन श्री मेहुल अग्रवाल ने की और आभार क्लब सचिव श्री ईश्वर सिंह चौहान ने व्यक्त किया।






स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in